<table>
<tr><td>तारीख हुक्म</td><td>हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज
खेमसिंह जोधा
बनाम
लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर)
सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353629655955094</td><td>न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए</td></tr>
<tr><td>24/03/25</td><td>अपीलार्थी खेमसिंह जोधा निवासी ग्राम पोस्ट शिकारपुरा, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 09.12.2024 को जिला कलक्टर महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 18.07.2024 को जिला स्तरीय मासिक जन सुनवाई प्रस्तुत परिवाद पर दिनांक 30.11.2024 तक की गई जांच एवं संबंधित दस्तावेजों की प्रमाणित छाया प्रतियों के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।

अपील में रेस्पो. पक्ष (अपर जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अपर जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 264 दिनांक 28.02..2025 से बतलाया कि प्रार्थी को प्रभारी अधिकारी राजस्थान सम्पर्क, कार्यालय हाजा से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार कार्यालय के पत्र संख्या 41 दिनांक 13.01.2025 द्वारा कुल 05 पृष्ठों की सूचना प्रेषित की जा चुकी है। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।

(गौरव अग्रवाल)
जिला कलक्टर, जोधपुर</td><td></td></tr>
</table>

Signature valid

Digitally signed by G rav Agrawal
Designation Colle r & District Magistrate
Date: 2025.03. 2:52:36 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 14336403